हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 28 नवंबर 2025

04 दिसंबर के पहले पखवाड़े तक शत प्रतिशत...



08 शहीद इलाप सिंह परियोजना से 118 गांवों ...





## खबर संक्षेप

### श्रीमद् नर्मदापुराण ज्ञान यज्ञ आयोजन आज से

**सोहागपुर।** सोहागपुर के रघुवंशीपुरा वार्ड में 28 नवंबर से श्रीमद् नर्मदापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन होगा। आयोजक बटोबाई रघुवंशी तथा उनके परिजनों से प्राप्त जानकारी अनुसार नर्मदापुराण ज्ञान यज्ञ की कलश यात्रा सुबह निकाली जाएगी। इसके बाद दोपहर एक बजे से कथा शुरू होगी। तथा नियमित ही दोपहर एक से शाम पांच बजे तक कथा होगी। जिसमें पं. श्रीराम श्रोति कथा सुनाएंगे। आयोजन से जुड़े सुरेंद्र रघुवंशी ने बताया कि चार दिसंबर 2025 गुरुवार को पुराण पूजन, हवन, कथा विराम का आयोजन पूर्णाहुति के साथ होगा। आयोजक परिवार ने धर्म प्रेमी जनता से कथा सुनने के लिये उपस्थिति की अपील की है।

### बागरा तवा इंटीग्रेटिव हेल्थ कैंप में हुई जांच

**नर्मदापुरम।** जिला चिकित्सालय सीएमएचओ डॉ नरसिंह गहलोत एवं नोडल अधिकारी प्रियंका दुबे के मार्गदर्शन एवं माखननगर बीएमओ डॉ कल्याणी यादव की देखरेख में प्रियांशी एजुकेशनल कल्चरल सोसायटी नर्मदापुरम द्वारा बुधवार को बागरा तवा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इंटीग्रेटेड स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

### सोहागपुर, पिपरिया, नर्मदापुरम, सिवनीमालवा सहित समूचे नर्मदांचल में एकजुट हुआ विप्र समाज

# गलत टिप्पणी पर विप्र समाज हुआ आक्रोशित, दिए ज्ञापन जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

अजाक्स के प्रांतीय अधिवेशन में आईएएस संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मणों को लेकर की गई टिप्पणी को लेकर समूचे मध्य प्रदेश में ब्राह्मण समाज द्वारा वर्मा का विरोध किया जा रहा है, इसी क्रम में गुरुवार को समूचे नर्मदांचल में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान विप्र समाज के सदस्यों ने वर्मा के द्वारा की गई टिप्पणी पर आक्रोशित हुए और उन पर कानूनी कार्यवाही कर आईएएस अवार्ड वापस लेने की मांग की। नर्मदांचल के सोहागपुर में अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद महिला इकाई एवं सोहागपुर सकल विप्र समाज द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप वहीं पिपरिया में विप्र समाज ने इसे निंदनीय बताया।

**अजाक्स के प्रांतीय अधिवेशन में आईएएस संतोष वर्मा द्वारा समूचे नर्मदांल में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान विप्र समाज के सदस्यों ने वर्मा पर कार्रवाई की मांग की।**



### पिपरिया में की अवार्ड वापस लेने की मांग

**पिपरिया** जनपद पंचायत क्षेत्र सहित नगरपालिका परिषद क्षेत्र के सभी ब्राह्मण समाज के द्वारा मुख्यमंत्रीके नाम ज्ञापन तहसीलदार वैभव बैरागी को सौंपा तथा वर्मा से आईएएस अवार्ड वापस लेने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में समाज के अध्यक्ष अर्जुन लाल पलिया, अनिल तिवारी सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं। दूसरी ओर राजपूत समाज से उदय सिंह राजपूत हर्ष लता राजपूत एवं ब्राह्मण समाज के तमाम महिलापुरुष सभीयुवक शामिल हुए।

### सिवनी मालवा में हुआ विरोध प्रदर्शन

सिवनी मालवा तहसील कार्यालय के सामने गुरुवार को सर्व समाज के लोगों ने अजाक्स के प्रदेश अध्यक्ष एवं आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की महिलाओं को लेकर दिए गए विवादित बयान के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान संतोष वर्मा का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन के बाद सर्व समाज के लोगों ने जमकर नारेबाजी की। स्थिति को देखते हुए घटनास्थल पर पुलिस बल भी तैनात रहा। साहित्यकार विजय सिंह ठाकुर ने कहा कि "हमने आज उस आईएएस अधिकारी का पुतला दहन किया है जिसने हिंदू समाज को वर्ग भेद में बांटने की कोशिश की है। हम इस प्रदर्शन के माध्यम से राज्य सत्ता के उन नेताओं को आगाह करना चाहते हैं कि हिंदू धर्म को बांटने वाले ऐसे अधिकारी, जो सरकारी पदों पर बैठे हैं, उन्हें तत्काल बर्खास्त सजा दी जाए।

### सोहागपुर में बोले वर्मा की टिप्पणी निंदनीय है

सोहागपुर में विप्र समाज के सदस्यों ने ज्ञापन सौंपा। विप्र समाज के सदस्यों ने कहा कि 23 नवंबर 2025 को भोपाल में अजाक्स के प्रांतीय अधिवेशन में संतोष वर्मा ने ब्राह्मण समाज के लिए निंदनीय टिप्पणी की है। जिससे समूचे ब्राह्मण समाज में रोष का माहौल है। ज्ञापन द्वारा अभा ब्राह्मण एकता परिषद महिला इकाई एवं सोहागपुर सकल विप्र समाज ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि संतोष वर्मा पर उचित कार्रवाई की जाए।

# जयस्तंभ चौक पर बिना अनुमति लगाए गए होर्डिंग पर उठे सवाल

### दुर्घटना की आशंका से नागरिक चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी मालवा



नगर पालिका कार्यालय के पास स्थित जयस्तंभ चौक पर हाल ही में लगाए गए एक बड़े होर्डिंग/कट-आउट को लेकर नागरिकों ने गंभीर आपत्ति दर्ज कराई है। लोगों का कहना है कि यह होर्डिंग अनुमति लेकर लगाया गया है या बिना अनुमति—यह स्पष्ट नहीं है। वहीं, जिस स्थान और जिस प्रकार से यह लगाया गया है, उससे सड़क दुर्घटना की आशंका बढ़ती दिखाई दे रही है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि व्यस्त चौक पर इस तरह बड़े आकार का कट-आउट लगाने से न केवल यातायात बाधित होता है बल्कि वाहन चालकों का ध्यान भी भटकता है। इससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है, खासतौर पर शाम और रात के समय जब ट्रैफिक का दबाव अधिक रहता है। लोगों ने प्रशासन से यह स्पष्ट करने की मांग की है कि इस होर्डिंग की अनुमति किस अधिकारी ने और किस आधार पर दी है। यदि यह बिना अनुमति के लगाया गया है तो तत्काल कार्रवाई की जाए।

नागरिकों ने अपील की है कि प्रशासनिक अधिकारी इस मुद्दे पर तुरंत ध्यान देकर होर्डिंग की वैधता की जांच करें तथा सार्वजनिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उचित कदम उठाएँ।

### रोजगार मेला संपन्न, 219 युवाओं को मिला लाभ

सोहागपुर। पं. जवाहरलाल नेहरू कॉलेज सोहागपुर में बुधवार को जिला स्तरीय रोजगार एवं स्व रोजगार मेला सम्पन्न हुआ। जिसमें 219 युवा लाभान्वित हुए हैं। कुछ युवाओं को तत्काल नियुक्ति पत्र भी दिये गए। सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्विनी सरोज ने बताया कि मेले में 190 युवा प्राथमिकता आधार पर चयनित किये गए हैं। साथ ही स्वरोजगार में 29 युवा लाभान्वित हुए। इस तरह 219 युवाओं को लाभ दिया गया। सरोज ने बताया कि छह युवाओं को ऑन स्पॉट नियुक्ति दी गई है।

# एसआईआर का कार्यपूर्ण करने पर श्वेता मुदगल और शैलेंद्र साहू हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है। नगरपालिका क्षेत्र के बालागंज आजाद वार्ड स्थित मतदान केंद्र भाग क्रमांक 46 में 787 मतदाताओं की सूची शतप्रतिशत पूर्ण करने पर



बीएलओ श्वेता मुदगल एवं सहायक कर्मचारी शैलेंद्र साहू का एसडीएम जय सोलंकी और मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा पुष्पमाला से सम्मान किया गया। एसडीएम जय सोलंकी ने बीएलओ और सहायक कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी है। साथ ही उन्होंने बीएलओ को कहा कि कार्य तेजगति से बिना किसी दबाव के करें। उन्होंने मतदाताओं से आग्रह किया है कि आपके क्षेत्र के बीएलओ को सही जानकारी दें। चालू मोबाइल नंबर ही फार्म में एड करें।

### अंबेडकर वार्ड में मनाया संविधान दिवस

**सोहागपुर।** बुधवार सुबह नगर के अंबेडकर वार्ड में संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान नागरिकों ने बाबा साहेब अंबेडकर को नमन किया। जिसमें अतिथियों के रूप में राजेश कुमार चौधरी, खिलाड़ी लाल अहिरवार, जयसमंद सिंह अहिरवार, बाबूराम अहिरवार, कैलाश खुराना, पतिराम, फूलसिंह, डॉ. सुनील अहिरवार, परषोत्तम दास अहिरवार, अशोक अहिरवार एवं अन्य नागरिक शामिल हुए।

### महाविद्यालय में शिक्षक-अभिभावक संवाद का हुआ आयोजन

**माखन नगर।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग से प्राप्त आदेश अनुसार मध्य प्रदेश के समस्त महाविद्यालयों में शिक्षक अभिभावक संवाद कार्यक्रम आयोजन हेतु निर्देशित किया गया था जिसमें महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के अभिभावकों को महाविद्यालय में बुलाकर आपसी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाना है, गुरुवार को श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय में भी शिक्षक अभिभावक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य अभिभावक अपने बच्चों की अध्यापन से संबंधित समस्त जानकारी से अवगत हो सके। मंच संचालन करते हुए डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह चौहान ने उपस्थित अभिभावकों का अभिवादन किया।महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर नीता चौबे ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में अभिभावकों का महाविद्यालय में स्वागत करते हुए कहा कि समय- समय पर शिक्षक अभिभावक संवाद कार्यक्रम होते रहना चाहिए, जिसमें महाविद्यालय में होने वाली गतिविधियों से अभिभावक परिचित हो सके।



### जादू नहीं विज्ञान है' थीम पर संदीपनि विद्यालय में किया आयोजन

सोहागपुर। बुधवार को शासकीय संदीपनि विद्यालय सोहागपुर में ब्लॉक स्तरीय 'जादू नहीं विज्ञान है- समझना समझाना आसान है' थीम अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों से उपस्थित बच्चों ने विज्ञान नाटिका एवं प्रयोगों का प्रदर्शन किया। प्राचार्य रामकिशोर दुबे के अनुसार आमजनों में फैले अंधविश्वास को दूर कर चमत्कारों के पीछे छिपे विज्ञान को समझाने का प्रयास आयोजन में किया गया। इस अवसर पर आयोजित हुई प्रतियोगिता में शासकीय हाईस्कूल बांसखापा ने प्रथम, संदीपनि स्कूल सोहागपुर ने द्वितीय एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शोभापुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किये। कार्यक्रम में सोहागपुर एसडीएम प्रियंका भल्लावी, बीईओ राकेश उइके व बीआरसी राकेश रघुवंशी सहित विभिन्न विद्यालयों से आए हुए शिक्षक, विद्यार्थी एवं संदीपनि विद्यालय का समस्त स्टाफ तथा विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

# स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल में 13 एनसीसी कैडेटों का रैंक समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल में 13 एमपी एवं 5 एमपी बटालियन के एनसीसी कैडेटों का रैंक समारोह आयोजित किया गया। कमान अधिकारी कर्नल एसपी सिंह के दिशा निर्देश में कैडेट्स को रैंक प्रदान की गई। इस समारोह में स्कूल डायरेक्टर डॉ आशीष चटर्जी, 13 एमपी बटालियन से सूबेदार राकेश सिंह एवं सूबेदार राजवीर सिंह , 5 एमपी बटालियन से सूबेदार विनय माली, सूबेदार श्रीकांत वर्मा, सीनियर जीसीआई करुणा सिंह एवं जीसीआई आकांक्षा पाण्डेय ने चयनित कैडेट्स को रैंक प्रदान की।

सर्वप्रथम सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर विद्यालय प्राचार्य मोना चटर्जी द्वारा स्वागत किया गया। इसके पश्चात एनसीसी कैडेट द्वारा एनसीसी सॉन्ग हम सब भारतीय की प्रस्तुति दी।



एनसीसी गर्ल्स एवं बॉयज कैडेट्स द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी युवाओं का नेतृत्व करता और मूल्यवान नागरिक बनने के लिए प्रशिक्षित करता है, उन्होंने कहा यह समारोह इन कैडेटस की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है जिन्होंने नई रैंक हासिल की है एवं रेंक हासिल करने वाले कैडेट्स को उनकी जिम्मेदारियो के बारे में बताया। समारोह में एनसीसी कैडेटों की पीपिंग कर निम्नलिखित रैंकों में सम्मानित किया गया। क्वार्टर मास्टर सार्जेंट आयुष्मान चटर्जी, सार्जेंट शेख फैजान एवं देवयानी चौरे, कॉर्पोरल, आराध्या शर्मा, युवराज पासी, विश्वजीत चौहान, आरजू खान एवं आर्या मालवीय लांस कॉर्पोरल यतीश चौहान, यथार्थ अग्रवाल, आरव सराठे, आस्था गौर, सौम्या जाट एवं अन्वी तिवारी को रैंक प्रदान की गई।

### नर्मदा कॉलेज में मनाया गया संविधान दिवस

# विद्यार्थियों ने ली संवैधानिक ज्ञान और कानूनी चेतना फैलाने के उद्देश्य की जानकारी, हुई विभिन्न स्पर्धाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय के विधि विभाग द्वारा संविधान दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों में संवैधानिक ज्ञान और कानूनी चेतना फैलाने के उद्देश्य से अनेक गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय कुमार पाठक, सचिव नर्मदा पुरम रहे। उन्होंने संघीय शासन व्यवस्था, नैसर्गिक न्याय, प्रशासनिक विधि विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे और संविधान के महत्व व उसकी बारीकियों पर प्रकाश डाला। छात्रों को संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के



साथ-साथ संविधान से जुड़े गहरे और रोचक तथ्य साझा किए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अभय सिंह, नर्मदापुरम ने कानूनी सहायता और जीवन में कानूनी सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। उनके मार्गदर्शन ने छात्रों को कानूनी जागरूकता के साथ-साथ जीवन में सतर्क रहने के प्रभावी उपायों जानकारी दी।

प्राचार्य डॉ. राम कुमार चौकसे ने संविधान के महत्व पर बल देते हुए आश्वासन दिया कि इस प्रकार की गतिविधियाँ निरंतर आयोजित की जाएंगी ताकि छात्र वास्तविक अनुभव के माध्यम से कानून की गहराई और व्यावहारिक ज्ञान हासिल कर सकें। वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. कमल वाधवा भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे और कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक और विभागाध्यक्ष, डॉ. अपूर्वा वर्मा ने भी संविधान के महत्व और छात्रों में संवैधानिक चेतना फैलाने पर अपने विचार साझा किए। मंच संचालन डॉ. दिनेश श्रीवास्तव द्वारा किया गया, जिन्होंने कार्यक्रम को सहज, आकर्षक और छात्रों के लिए प्रेरणादायक बनाया।विधि विभाग के प्राध्यापक अरुण शर्मा एवं प्राध्यापिकाएं चंद्रप्रभा सोनी, हनीफा शेख, एवं अनुपमा कुजूर उपस्थित रहीं।

## हरिभूमि जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 149. विजय कुमार डोंगरे पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - प्रेम नगर लोधी पारा गुढ़ियारी रायपुर, 150. केशव देवांगन पिता\पति हेमलाल देवांगन पता - बीरगांव वार्ड क्र. 26, 151. गौरव साहू पिता\पति मनी साहू पता - सुदामा नगर टिकरापारा रायपुर, 152. ज्योत्सना चौकीदार पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - पहाड़ी पारा गुदियारी रायपुर, 153. मनीष साय पिता\पति मोहन साय पता - आर.डी. ए छोटी कॉलोनी टिकरापारा, 154. खूबचंद साहू पिता\पति दीनदयाल साहू पता - भनपुरी रायपुर, 155. अनीता ध्रुवंशी पिता\पति स्व. लक्ष्मी सिंह ध्रुवंशी पता - राधास्वामी नगर रायपुर , 156. संस्कार सोनकर पिता\पति स्व. दीपक सोनकर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाटागाँव रायपुर, 157. टिकेश्वर साहू पिता\पति जय प्रकाश साहू पता - बोरिया कला, 158. अनीता पटेल पिता\पति देवसिंह पटेल पता - ग्राम पोस्ट टेकारी (कुंडा), 159. हरीश कुमार साहू पिता\पति नारायण साहू पता-परसदा जोशी, 160. अभिषेक साहू पिता\पति द्वारिका प्रसाद साहू पता-शंकर नगर कोष्टा पारा वार्ड 25, 161. डागेश मंडावी पिता\पति चंद्रहास मंडावी पता-सेहरा डबरी वार्ड 08 कॉलोनी, 162. पुर्वाशी साहु पिता\पति रीकेश कुमार साहु पता- रावन भाटा नगरी, 163. उमभावानी साहू पिता\पति शिवकुमार साहू पता- टेड़ेसरा, 164. झाविश साहू पिता\पति रोमलाल साहू पता-कौरिन भाठा बसंतपुर, 165. निशा साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- टेड़ेसरा राजनादगांव, 166. घनश्याम प्रसाद शर्मा पिता\पति अयोध्या प्रसाद पता- वार्ड न. 11 बेमेतरा, 167. विधान मिश्रा पिता\पति प्रफुल्ल मिश्रा पता- भानुप्रतापपुर, 168. रामपाल साहू पिता\पति स्व. रामेशर साहू पता- घुमका, 169. साक्षी घोस पिता\पति एस. घोस पता- न्यू हाउसिंग वार्ड कॉलोनी जगदलपुर, 170. भामा यादव पिता\पति राकेश कुमार यादव पता-कलेक्ट्रेट कॉलोनी मचेवा, 171. संदीप पाण्डेय पिता\पति रामजी प्रसाद पता- कवर्धा, 172. भाव्या पिता\पति अश्वनी कुमार पता-बुगबड़ा 173. देव सिंह बघेल पिता\पति कपिल राम बघेल पता- बांधापारा कोंडागांव, 174. शिव रानी पिता\पति आर. त्रिमूर्तिय पता- भिलाई सेक्ट -9 हॉस्पिटल, 175. देविका सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 176. देवनाथ देवांगन पिता\पति स्व. कवल सिंह देवांगन पता- म.न. 95 वार्ड न. 56 बघेरा दुर्ग, 177. अशोक सिन्हा पिता\पति दुकालू राम सिन्हा पता- गया नगर दुर्ग, 178. सृष्टि चौधरी पिता\पति स्व. राजेश चौधरी पता- प्लाट न. 4/5 राधिका नगर भिलाई, 179. भारती साहू पिता\पति युवराज साहू पता-EWS 8/2 कोसा नगर दुर्ग, 180. टेरेन्स ठाकुर पिता\पति येदलाल ठाकुर पता- वर्मा हार्डवेयर रामनगर मुक्ति धाम भिलाई, 181. आरुशी टंडन पिता\पति हरीश टंडन पता- राम चौक रामनगर सुपेला भिलाई, 182. गरिमा सिन्हा पिता\पति राजेंद्र प्रसाद सिन्हा पता- सुपेला पांच रास्ता भिलाई, 183. कनक लता दिल्लीवार पिता\पति जनक लाल दिल्लीवार पता-विनायकपुर दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 184. प्रहलाद सिंह नेताम, पिता/पति-- दाऊराम नेताम, पता - अश्वग्रीन कॉलोनी, सेंदरी जिला बिलासपुर, 185. अक्जा सिद्दिकी, पिता/पति- फिरोज अहमद सिद्दिकी पता- लिंक रोड बिलासपुर, 186. कृष्ण कुमार यादव पिता/पति- स्व.रामस्वरूप यादव, पता- मगरपारा बिलासपुर, 187. विशेष कुमार महानंद पिता/पति- राजकुमार महानंद, पता- जबड़ापारा सरकंडा, बिलासपुर, 188. रविशंकर मिश्रा पिता/पति- अयोध्या प्रसाद मिश्रा पता- सरकंडा, बिलासपुर, 189. मयंक ऊके पिता/पति- अरविदं ऊके, पता- मगरपारा, बिलासपुर, 190. नीलू कुमारी पिता/पति- स्व. यूवेल कुमार, पता- आधार विद्या मंदिर, तालापारा, बिलासपुर, 191. कुंदन कटैलिहा, पिता/पति- नर्मदा कटैलिहा पता- सदर बाजार, बिलासपुर, 192. नंदलाल कोसले पिता/पति- शिव कुमार कोसले, पता- इमलीभाठा, बंधवापारा, बिलासपुर 193. जे. बी. सिद्दिकी पिता/पति- मो. तौफीक सिद्दिकी, पता- इंद्रपुरी रोड, शांति नगर, तिफरा, बिलासपुर, 194. रितेश जग्गा पिता/पति- नानकराम जग्गा, पता- बिलासपुर 195. चंद्रकली टंडन, पिता/पति- स्व. अशोक कुमार सूर्यवंशी पता- सोनवानी गली, मंझवापारा, बिलासपुर, 196. कौशिल्या शर्मा पिता/पति- स्व.गोधन शर्मा पता- दीनदयाल कॉलोनी, मंगला, बिलासपुर, 197. मंजूलता पटेल पिता/पति- नरेशराम पटेल, पता- मंगला, बिलासपुर, 198. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति- भगवानीराम कौशिक पता- पेण्डारी, बिलासपुर, 199. स्वाति बाजपेयी पिता/पति- उज्वल बाजपेयी, पता- वार्ड नं. 16, वैशाली नगर, बिलासपुर, 200. सुधीर खंडेलवाल पिता/पति- स्व. विष्णु स्वरूप जी पता- ग्रीन गार्डन कालोनी बिलासपुर, 201. सरिता जायसवाल पिता/पति- दीपक जायसवाल, पता- एल आई जी 47, दीनदयाल कॉलोनी, मंगला बिलासपुर, 202. अशोक सूर्यवंशी पिता/पति- गेंदलाल सूर्यवंशी, पता- राजीव गांधी चौक, जरहाभाठा बिलासपुर, 203. तापस चटर्जी पिता/पति- स्व.एम.चटर्जी, पता- हेमू नगर, बिलासपुर, 204. पायल अग्रवाल पिता/पति- स्व. सी.एल. अग्रवाल, पता- तेलीपारा सरजू बगीचा बिलासपुर , 205. देवहूति चंद्रा पिता/पति- केशवराम चंद्रा पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर, 206. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति-कोमल प्रसाद कौशिक, पता- हांफा, बिलासपुर, **भोपाल संस्करण -** 207. मनीष प्रजापति पिता\पति - उदमसिंह प्रजापति पता-जगदीशपुर इस्लाम नगर, 208. भूरी बाई पिता\पति - दिनेश कुमार पता-इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 209. अर्शी शेख पिता\पति - आबिद शेख पता- म न 340 हनीफ कॉलोनी भोपाल, 210. मुकेश सेन पिता\पति- प्रेम नारायण सेन पता-52 ग्राम इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 211. देवेन्द्र भावसार पिता\पति - जानकी वल्लभ पता- भावसार जीरापुर, 212. रमेशचंद्र राठौर पिता\पति - पन्नालाल राठौर पता- जीरापुर, 213. नेहा पिता\पति - रामचंद्र जीरापुर, 214. कनिष्का राठौर पिता\पति - रामबाबू राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, **जबलपुर संस्करण -** 215. संध्या पिता\पति - विजय उसरेठे कुमार पता- कटनी, 216. तन्मय सेन पिता\पति - रत्नेश सेन पता-भट्टा मोहल्ला मुड़वारा कटनी, 217. शिवांश सिंधिया पिता\पति - अमित सिंधिया पता- डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड मंडला, 218. विकास मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह पता- मरावी आमानाला मंडल, 219. रजनी मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 220. राकेश मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 221. दिव्यांजली वर्मा पिता\पति - धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा पता-पाली उमरिया, 222.संदीप कुमार द्विवेदी पिता\पति - रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 समनापुर अनूपपुर।

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

**खबर संक्षेप**

### एसपी ने थाना प्रभारियों में किया फेरबदल

**बैतूल।** जिला पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से थाना प्रभारियों की पदस्थापना में अस्थाई रूप से फेरबदल किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आमला थाने में पदस्थ निरीक्षक राजेश सातनकर को भैंसदेही थाना, शाहपुर थाने के निरीक्षक मुकेश ठाकुर को आमला थाना, रक्षित केन्द्र बैतूल से निरीक्षक देवकरण डेहरिया को शाहपुर थाना और निरीक्षक सरविंद धुर्वे को भैंसदेही थाने से रक्षित केन्द्र बैतूल स्थानांततिर किया है। आदेश में निरीक्षकों को तत्काल नवीन पदस्थापना पर आमद दिये जाने के निर्देश भी जारी किये है।

### पैर में दर्द से परेशान किसान ने खाया जहर, मौत

**बैतूल।** सांवंगी पट्टन इलाके में गुरुवार सुबह एक किसान की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। उसने घर में रखी कीटनाशक दवा पी ली थी, जिसके बाद उसकी हालत लगातार खराब होती चली गई। मृतक की पहचान सुभाष बारस्कर (55) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, हाल ही में उसके पैर में चोट लगी थी। दर्द असहनीय होने और शराब की आदत के कारण वह मानसिक रूप से परेशान था। इसी दौरान उसने कीटनाशक पी लिया। 25 नवंबर को वह बेहोशी की हालत में मिला, जिसे पहले मासोद अस्पताल ले जाया गया। वहां से उसे बैतूल जिला अस्पताल रेफर किया गया। हालत गंभीर होने पर उसे आईसीयू में भर्ती किया गया था, जहां गुरुवार सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

### बोधगया में बैतूल की टीम देगी निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं

**बैतूल।** पवित्र बौद्धधर्म नगरी बोधगया में 2 से 12 दिसम्बर तक आयोजित होने जा रहे 20वें इंटरनेशनल त्रिपिटक चैंटिंग समारोह में देश-विदेश से बड़ी संख्या में भिक्षु और बौद्ध श्रद्धालु शामिल होंगे। इसी अवसर पर बैतूल की आदिम कल्चरल एंड वेलफेयर सोसाइटी अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए 2 दिसंबर से श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों के लिए निःशुल्क मेडिकल एवं होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर शुरू करने जा रही है। संस्था द्वारा आयोजित यह स्वास्थ्य शिविर पूरे आयोजन की अवधि में प्रतिदिन सुबह से शाम तक संचालित होगा। शिविर में रक्तचाप, शुगर सहित सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श और आवश्यक दवाइयां पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में होम्योपैथिक सेवाएं बैतूल के होम्योपैथिक विशेषज्ञ और रिमेडी क्लिनिक के संचालक डॉ. मनोज वरवड़े द्वारा प्रदान की जाएंगी। डॉ. वरवड़े बोधगया पहुंचकर शिविर का संचालन शुरू करेंगे। उन्होंने बताया कि यह सेवा शिविर प्रतिदिन सुबह से शाम तक चलेगा, ताकि किसी भी श्रद्धालु या स्थानीय व्यक्ति को स्वास्थ्य सहायता में देरी न हो। संस्था का उद्देश्य है कि बोधगया में आयोजित इस भव्य अंतरराष्ट्रीय बौद्ध समारोह के माध्यम से शांति, करुणा और सेवा की भावना को आगे बढ़ाया जाए।

### हम भारत के लोग ही हैं संविधान के सच्चे स्रोत

**बैतूल।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, जेएच कॉलेज में स्थापित भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य के मार्गदर्शन में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.मीनाक्षी चौबे द्वारा विद्यार्थियों को संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया गया। इस मौके पर मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि सच्चे अर्थों में हम सभी भारतीय ही संविधान निर्माण के प्रमुख स्रोत रहे है। हमारा संविधान भारत की आत्मा है, हमारी प्रत्येक व्यक्तिगत और राष्ट्रीय उपलब्धि का एक मात्र आधार संविधान ही है। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी प्रो.राकेश पवार द्वारा त्रेमासिक कैलेंडर के निर्देशानुसार नवंबर माह में प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित की गई।

## जिले में 64 फीसदी रबी फसल की बुआई का कार्य पूर्ण

# दिसंबर के पहले पखवाड़े तक शत प्रतिशत बोवनी पूरी होने की संभावना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में रबी फसल की बोवनी शुरू हो गई है। अभी तक 64 फीसदी बुआई कार्य पूर्ण हो चुका है। अनुमान है कि दिसंबर माह के पहले पखवाड़े या दिसंबर के अंत तक जिले में लक्ष्य के बराबर बुआई कार्य पूर्ण हो जायेगा। इस वर्ष कृषि विभाग ने रबी फसल के लिए जो रकबा तय किया है, उसमें सभी प्रकार की फसलों का रकबा बढ़ाया है। पिछले साल जिले में रबी फसल का कुल रकबा 3 लाख 50 हजार 056 हेक्टेयर तय किया था, जो इस साल 1944 हेक्टेयर बढ़ाकर 3 लाख 52 हजार हेक्टेयर निर्धारित किया गया है। कृषि विभाग के अधिकारियों की माने तो इस साल बुआई कार्य में देरी का कारण अक्टूबर में हुई बारिश है। अक्टूबर में बारिश होने से खेत गीले हो गये थे। जमीन गीली होने से किसान खेत नहीं बना पाये। अब धूप खिलने और जमीन सूखने के बाद किसानों ने खेत बनाने और बुआई कार्य प्रारंभ किया है। वैसे कृषि विभाग के अनुसार रबी फसल की बुआई का उत्तम समय 15 अक्टूबर से नवंबर के बीच होता है, लेकिन कई किसान गन्ना फसल लेने की वजह से देरी से बुआई करते है, जिससे भी रबी फसलों की बुआई कार्य में देरी होती है।

### जिले में 2,28,040 हेक्टेयर में बोवनी पूर्ण

जिले में अब तक 2,28,040 हेक्टेयर यानि करीब 64 फीसदी बोवनी कार्य पूर्ण हो चुका है। जिसमें 1,80,000 हेक्टेयर में गेहूं, 1500 हेक्टेयर में मक्का, 33,000 हेक्टेयर में चना, 0.400 हेक्टेयर में मसूर, 2000 हेक्टेयर में मटर, 11.100 हेक्टेयर में सरसो, 0.040 हेक्टेयर में अलसी की बुआई हो चुकी है, वहीं कृषि विभाग के अनुसार कुसम और गन्ना फसल की बुआई अभी किसानों ने शुरू नहीं की है। पिछले साल गेहूं का रकबा 2,60,224 हेक्टेयर, मक्का 1500, चना 43,570 हेक्टेयर, मसूर 0.807 हेक्टेयर, मटर 1.957 हेक्टेयर, सरसो 17650 हेक्टेयर, अलसी 0.021 हेक्टेयर और गन्ना 24327 हेक्टेयर में बुआई किया गया था। इस साल किसानों ने अलसी फसल को महत्व देते हुए निर्धारित लक्ष्य से अधिक बुआई करने में दिलचस्पी दिखाई है।

### 1944 हेक्टेयर बढ़ा रबी फसल की बुआई का रकबा

इस साल कृषि विभाग ने रबी फसल की बुआई के रकबे में 1944 हेक्टेयर की बढ़ोत्तरी की है। कृषि विभाग के अनुसार इस साल गेहूं का रकबा 2 लाख 60 हजार निर्धारित किया है, वहीं अन्य फसलों में मक्का का रकबा 2400 हेक्टेयर, चना 44000 हेक्टेयर, मसूर 1000 हेक्टेयर, मटर 2000 हेक्टेयर, सरसो 18000 हेक्टेयर, अलसी 0.80 हेक्टेयर, कुसुम 0.020 हेक्टेयर और गन्ने का 24500 हेक्टेयर रकबा तय किया है। इस साल कृषि विभाग ने मक्का, चना, मसूर, मटर, सरसो, अलसी, कुसुम और गन्ने के रकबे में बढ़ोत्तरी की है, जबकि गेहूं का रकबा 224 हेक्टेयर कम किया है।

### बारिश के कारण बुआई कार्य प्रभावित

रबी फसल की बुआई में देरी का एक बड़ा कारण अक्टूबर के अंतिम सप्ताह तक हुई बारिश को भी कारण माना जा रहा है। इस साल जिले में अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह तक बारिश होते रही। जिससे खेतों से खरीफ फसल सोयाबीन, मक्का बनी रही। मक्का खेतों से हटाने के बाद किसानों ने खेत बनाकर रबी फसल की बुआई प्रारंभ की। जिससे रबी फसल की बुआई में देरी हुई। बताया जा रहा है कि इस साल जिले में 1062.7 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि जिले में औसत बारिश का आंकड़ा 1083.9 मिमी है। हालांकि इस साल औसत बारिश से कुछ ही मिमी बारिश कम हुई है। अंतिम दिनों में हुई बारिश ने जलाशयों को भरने में काफी मदद की है।

### विभाग का दावा, पर्याप्त मात्रा में मिलेगा किसानों को खाद

रबी सीजन को देखते हुए विभाग ने पर्याप्त मात्रा में खाद का भंडारण कर लिया है। बताया जा रहा है कि विभाग के पास अभी 5792 मेट्रिक टन यूरिया खाद उपलब्ध है। वहीं एसएसपी 6938 मेट्रिक टन, डीएपी 2427 मेट्रिक टन, एमओपी 1252 मेट्रिक टन, एनपीके 3967 मेट्रिक टन खाद उपलब्ध है। कुल मिलाकर विभाग के पास अभी 20376 मेट्रिक टन खाद मौजूद है। इसके अलावा जैसे-जैसे खाद की आवश्यकता पड़ेगी, विभाग द्वारा खाद मंगाकर आपूर्ति बनाई जायेगी। कृषि विभाग का कहना है कि जिले में किसानों को खाद के लिए परेशानी नहीं आने दी जायेगी।

### डिमांड के अनुसार छोड़ा जा रहा पानी

रबी फसल के लिए किसानों की डिमांड के अनुसार जल संसाधन विभाग ने पानी छोडऩे का काम शुरू कर दिया है। जल संसाधन विभाग के एसडीओ भूपेन्द्र सूर्यवंशी ने बताया कि कार्यक्षेत्र के अंतर्गत 16 डैम आते है, जिसमें से जावारा, कोलगांव, उड़दन यानि तीन डैमों से पानी छोड़ा जा चुका है। कोलगांव और उड़दन में चार दिन पहले पानी छोड़ा गया है, वहीं जावरा में 26 नवंबर यानि बुधवार को पानी छोड़ा है। वहीं 4 लिफ्ट डेम, जिसमें कैनाल नहीं है, वहां किसान मोटर लगाकर पानी ले रहे है। श्री सूर्यवंशी ने बताया कि जैसे-जैसे किसानों की डिमांड आ रही है। वैसे-वैसे पानी छोडऩे का काम शुरू कर दिया है। सांपना जलाशय से पानी छोड़े जाने को लेकर किसानों की डिमांड नहीं आई है। किसानों ने तीन-चार दिन बाद पानी छोड़े जाने की मांग की है, जिसके कारण सांपना से करीब 28 नवंबर को पानी छोडऩे की योजना है।

### इनका कहना है

जिले में अब तक 2,28,040 हेक्टेयर में बुआई कार्य पूरा हो गया है। अक्टूबर में हुई बारिश के कारण देरी हुई है। उम्मीद है कि दिसंबर के पहले पखवाड़े या अंतिम सप्ताह तक लक्ष्य के अनुसार बुआई पूर्ण हो जायेगा।

- **आनंद बडोनिया,** डीडीए, बैतूल

## नपा अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

# बगडोना में रिटेनिंगवाल और सीसी रोड बनेगी



**सारनी।** नगर के वार्ड 36 बगडोना में नाले पर रिटेनिंगवाल और कॉलोनी में सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा। गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे व अन्य अतिथियों ने निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। बगडोना में सतपुडा कॉलोनी रेलवे लाइन के पास लंबे समय से नाले पर रिटेनिंग वाल बनाने की मांग उठ रही थी। नगर पालिका को यहां 16.19 लाख रूपए से रिटेनिंग वाल बनाने की स्वीकृति प्राप्त हुई। गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, विधायक प्रतिनिधि सुधा चंद्रा, वार्ड पार्षद दशरथ सिंह जाट, दीपक पटेल सिनोटिया, राकेश वस्त्राणे, भोला सिंह, निजाम अहमद समेत अन्य वार्ड वासियों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया गया। इसी तरह विभूति मंडल एवं पूनम तिवारी के आवास तक सीसी रोड निर्माण को भी स्वीकृति प्राप्त हुई। यहां करीब 3.65 लाख से सीसी रोड का निर्माण कार्य का भूमिपूजन अतिथियों द्वारा किया गया।

# कन्या उत्कृष्ट हायर सेकंडरी विद्यालय में एनसीसी डे मनाया




**शाहपुर।** कन्या उत्कृष्ट हायर सेकंडरी विद्यालय शाहपुर की छात्राओं ने एनसीसी डे मनाया। इस अवसर पर रैली का शुभारंभ कन्या उत्कृष्ट विद्यालय शाहपुर के प्राचार्य दिलीप कुमार सूर्यवंशी द्वारा किया गया। एनसीसी प्रभारी वंदना बेडरे द्वारा रैली को संचालित करते हुए भ्रमण कराया। इसके पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर पहुंचकर मरीजो को फल वितरण किया। शहीद स्मारक पर पहुंचकर शहीदों को कैंडल जलाकर नमन किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। छात्राओं ने स्कूल से भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारों लगाते हुए एनसीसी डे को मनाया।


# दीपेश मेहता को आज राज्यपाल प्रदेश कोषाध्यक्ष पद की शपथ दिलाएंगे



**बैतूल।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी मध्यप्रदेश की नवगठित प्रबंध समिति के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 28 नवम्बर शुक्रवार को राजभवन भोपाल के सांदीपनी हॉल में संपन्न होगा। प्रातः 11 बजे राज्यपाल मंगू भाई पटेल बैतूल के प्रमुख समाजसेवी दीपेश मेहता को म.प्र. रेडक्रास सोसायटी के प्रदेश कोषाध्यक्ष पद की शपथ दिलाएंगे। गरिमामय समारोह में राज्यपाल म.प्र. रेडक्रास सोसायटी के राज्य चेयरमैन पद पर डॉ. श्याम सिंह कुमरे (सेवानिवृत आई.ए.एस.) सिवनी एवं मनीष रावल रतलाम को वाईस चेयरमैन पद की शपथ दिलायेंगे। समाजसेवी दीपेश मेहता प्रसिद्ध दवाई विक्रेता दीपक मेहता के पुत्र है।

## संविधान दिवस पर सम्मानित हुईं प्रतिभाएं

# भाषण प्रतियोगिता में प्रहलाद बेले रहे अव्वल, हुआ सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भीमराव रामराव अंबेडकर शिक्षा महाविद्यालय, बैतूल में भारतीय ज्ञान परम्परा के अन्तर्गत 26 नवम्बर को भारतीय संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, साथ ही सिख सम्प्रदाय के 9वें गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी वर्ष पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। महाविद्यालय के संचालक इंजी ध्रुव अग्रवाल की अध्यक्षता में शुरू हुए कार्यक्रम में उनके परिवार द्वारा मुगल शासक औरंगजेब के अत्याचारों के विरुद्ध दिए गए अद्वितीय बलिदान को भी स्मरण किया गया। वरिष्ठ प्राध्यापक सुनिल वर्मा ने कहा कि संविधान भारत की आत्मा है, जो देश की एकता, अखण्डता और समानता का आधार है तथा राष्ट्र को एक सूत्र में बांधकर रखता है। बी.एड. स्कॉलर्स द्वारा आयोजित भाषण प्रतियोगिता में बी.एड. प्रथम सेमेस्टर के प्रहलाद बेले, शारदा इवने, वर्षा रावत, श्रद्धा सोलंकी सहित प्रो. लीना झरबडे और वंदना कनाठे ने अपने-अपने तर्क-वितर्क प्रभावी रूप से प्रस्तुत किए। सभी प्रतिभागियों को मेंडल और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गावंडे ने किया। उन्होंने कहा कि संविधान ने हमें अभिव्यक्ति, निवास और शिक्षा की स्वतंत्रता प्रदान की है, और जब हम अपना कर्तव्य ईमानदारी से निभाते हैं, तभी हम वास्तव में संविधान का सम्मान करते हैं।

# थ्रेसर मशीन में हाथ जाने से मजदूर की उंगली कटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



बीजादेही थाना क्षेत्र के ग्राम तारा में बुधवार रात करीब 9 बजे मक्का थ्रेसिंग के दौरान एक हादसा हो गया। इस घटना में ग्राम तारा निवासी 45 वर्षीय कुंदन उइके का बायां हाथ थ्रेसर मशीन में फंस गया, जिससे उनकी एक उंगली कट गई, वहीं तीन उंगली गंभीर रूप से घायल हो गईं। कुंदन उइके मक्का थ्रेसर मशीन पर काम कर रहे थे, तभी बोरा पलटते समय उनका हाथ अचानक मशीन में चला गया। तेज गति से चल रही मशीन के कारण उनकी एक उंगली मौके पर ही कट गई, जबकि तीन उंगलियां बुरी तरह जख्मी हो गईं। हादसे के बाद, घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने उन्हें तुरंत चिचोली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद, उनकी गंभीर हालत को देखते हुए देर रात जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार, हाथ की गंभीर चोटों के कारण दो और उंगलियों को काटने की आवश्यकता पड़ सकती है। कुंदन उइके को फिलहाल जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती किया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। ग्रामीणों की तत्परता से उन्हें समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सका।

# बेटे ने मामूली विवाद पर मां के सिर पर पटका सिलबट्टा, हुई मौत

## आरोपी बेटे को पुलिस ने किया गिरफ्तार, न्यायालय में पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



आठनेर थाना क्षेत्र के ग्राम डूडर में एक बेटे ने मामूली विवाद के बाद अपनी मां की सिलबट्टा पटककर हत्या कर दी। यह घटना मंगलवार शाम की है। आरोपी बेटे ने गुस्से में आकर घर में रखे पत्थर के सिलबट्टे से मां पर कई वार किए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसे कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार, ग्राम डूडर निवासी मंगेबाई उइके अपने बेटे दिलीप उइके (35) के साथ घर में थीं। बताया जा रहा है कि किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। गुस्से में दिलीप ने पहले मां को धक्का दिया और फिर घर में रखा सिलबट्टा उठाकर उन पर कई बार वार किया। गंभीर चोटों के कारण महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद बेटा फरार हो गया। कुछ देर बाद जब रिश्तेदार युवराज इवने घर पहुंचे, तो उन्होंने मंगेबाई को खून से लथपथ पड़ा देखा। सूचना मिलते ही आठनेर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी विजय सिंह ठाकुर ने बताया कि वारदात के बाद आरोपी गांव से फरार हो गया था। पुलिस ने रातभर उसकी तलाश की और बुधवार देर शाम ग्राम डूडर में घेराबंदी कर दिलीप उइके को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना अपराध कबूल कर लिया है। पड़ोसियों के मुताबिक, आरोपी दिलीप कुछ समय से मानसिक तनाव में था और अक्सर घर में विवाद करता था। मां-बेटे के बीच रिश्ते पिछले कुछ महीनों से खराब चल रहे थे।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ सुपरवाइजरों का किया सम्मान



**बैतूल।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 कार्यक्रम के तहत बैतूल विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-130 के मतदान केंद्र क्रं 141 से 150 के बीएलओ सुपरवाइजर श्री तुलसीराम उईके, मतदान केंद्र क्रं 151 से 160 के लीलाधर नावंगे और मतदान केंद्र क्रमांक 171 से 180 के रामदयाल बारपेटे द्वारा मतदाताओं से प्राप्त गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन कार्य शत प्रतिशत पूर्ण किया गया। इस उपलब्धि पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह ने उनके उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसके साथ ही प्रोत्साहन स्वरूप परिवार सहित फ्री मूवी टिकट एवं निःशुल्क रात्रि भोज का पुरस्कार भी प्रदान किया गया। बीएलओ सुपरवाइजर का सम्मान करते समय तहसीलदार गोवर्धन पाटे, तहसीलदार नगर श्रीमती पूनम साहू, नायब तहसीलदार भू संसाधन एवं प्रबंधन एवं खेड़ी वृत्त श्याम सिंह उईके भी उपस्थित रहे। इलेक्शन शाखा से एईजीएम प्रियंका राने, अक्षत जैन, नम्रता बराई, रवि पारदे, श्याम नामदेव एवं समस्त निर्वाचन शाखा के कर्मचारी उपस्थित रहे। विधानसभा 131 बैतूल अंतर्गत 3 बीएलओ सुपरवाइजर द्वारा अपने प्रभार के मतदान केन्द्रो के मतदाताओं के गणना पत्रकों का डिजिटइजेशन 100 प्रतिशत कराए जाने पर अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार द्वारा माल्यापर्ण कर सम्मानित किया गया।

## सेवादल पदाधिकारियों ने संगठन की गतिविधियों की दी जानकारी

# नवनियुक्त प्रदेश सेवादल अध्यक्ष अवनीश भार्गव से मिलने पहुंचे जिले के पदाधिकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

संविधान दिवस के अवसर पर बैतूल जिले के कांग्रेस सेवादल पदाधिकारी प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने नवनियुक्त प्रदेश सेवादल अध्यक्ष अश्विन भार्गव से मुलाकात की। पदाधिकारियों ने श्री भार्गव को उनकी नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और संगठन की गतिविधियों से अवगत कराया। मुलाकात के दौरान संगठन को मजबूत करने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। सभी पदाधिकारी इस मुलाकात को संगठन के लिए सकारात्मक और प्रेरणादायक मान रहे हैं। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के प्रभारी हरीश चौधरी और मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी भी उपस्थित रहे। जिला कांग्रेस सेवादल बैतूल के अध्यक्ष अनुराग मिश्रा के नेतृत्व में समस्त जिला पदाधिकारी, विधानसभा प्रभारी और ब्लॉक अध्यक्षों ने अवनीश भार्गव से मुलाकात कर उन्हें सम्मानपूर्वक शुभकामनाएं दीं। प्रतिनिधिमंडल ने जिले में सेवादल संगठन द्वारा संचालित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी भी साझा की। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, संजय अग्रवाल, अमला विधानसभा के प्रभारी जितेंद्र शर्मा, बैतूल ब्लॉक अध्यक्ष गोलू सोनी आदि रहे मौजूद।

# विजय भवन शाहपुर में हुई एकल अभियान की शुरूआत



**शाहपुर।** नगर के विजय भवन में एकल अभियान का शुभारंभ किया गया। वर्ग के प्रारंभ में भारत माता का पूजन अर्चन का दीप प्रज्वलित किया गया। यह वर्ग 5 दिनों के लिए संच में कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देने के लिए प्रारंभ हुआ। वर्ग में विशेष रूप से मुख्य अतिथि श्रीमती दीपना संजय जगताप शाहपुर के द्वारा पूजन अर्चन किया गया। इस अवसर पर वार्ड नंबर एक की पार्षद श्रीमती दीपिका हरिओम बोरबन ने अपने सुविचारों से वर्ग में प्रशिक्षण लेने पहुंचे प्रशिक्षणर्थियों को अवगत कराया। श्रीमती में ममता वर्मा शाहपुर ने सभी को मानव समाज के अच्छे कार्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। श्याम राठौर ने भी अपने विचारों से सभी को अवगत कराया। प्रशिक्षण में सर्वप्रथम संच के कार्यकर्ताओं के द्वारा हिंदू धर्म को प्रमुखता से लेकर धार्मिक भक्ति भावना से वर्ग की शुरुआत की। वर्ग के प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न स्थान से प्रशिक्षनार्थी पहुंचे। मुख्य रूप से शाहपुर, चिचोली दामजीपुरा, आठनेर, सारणी से लगभग 50 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। वर्ग का संचालन राजेश यादव बीजादेही के द्वारा किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्रमुख सोहन विश्वकर्मा ने बताया कि यह प्रशिक्षण राष्ट्र को समर्पित है। सभी ने भारत माता की जयकार लगाते हुए उद्घोष किया।

संक्षेप खबर

## केमिस्ट एसोसिएशन ने किया कंबल वितरण



**इटारसी।** नगर के केमिस्ट एसोसिएशन के सदस्य निर्मल अग्रवाल के जन्मदिवस के मौके पर उनके द्वारा इटारसी मेडिकल एसोसिएशन के तत्वावधान में कंबल वितरण का कार्यक्रम रेलवे स्टेशन परिसर में रखा गया।इस दौरान 150 कंबल जरूरतमंदों को वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सचिव अभिषेक साहू, सहसचिव राकेश दुबे, कोषाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष राहुल रावते, सदस्य एवं संरक्षकअरविंद गुप्ता, रंजीत अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## एमजीएम कालेज में हुआ संविधान दिवस आयोजित

**इटारसी ।** शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इटारसी में बुधवार को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राजनीति विज्ञान विभाग, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ, एनएसएस और एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया।

### सीनियर वर्ग की पहली राज्य स्तरीय लागोरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# विदिशा जिले ने बालक और बालिका वर्ग में जीते खिताब, पाए प्रथम स्थान

पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति कॉलेज सोहागपुर में राज्य स्तरीय लागोरी बालक एवं बालिका वर्ग की प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें मप्र के 15 जिलों की टीमों ने सहभागिता की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति कॉलेज सोहागपुर में राज्य स्तरीय लागोरी बालक एवं बालिका वर्ग की प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें मप्र के 15 जिलों की टीमों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया।

मप्र लागोरी संघ प्रदेश अध्यक्ष व जुड़े पार्षद आशीष विश्वकर्मा ने बताया कि बालक वर्ग में विदिशा जिला प्रथम, नर्मदापुरम- जिला द्वितीय व मंदसौर जिला तृतीय स्थान पर रहे। वहीं बालिका वर्ग में विदिशा जिला प्रथम, नरसिंहपुर जिला द्वितीय तथा नर्मदापुरम-जिला तृतीय स्थान पर रहे। आशीष विश्वकर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह थे। वहीं अन्य अतिथियों के रूप में नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल, नर्मदांचल एकेडमी सचिव व संचालक संजीव चौधरी, नगर स्थित कॉलेज प्राचार्य डॉ. एनके नीखरा, नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, समाजसेविका तारा जायसवाल, सोहागपुर भाजपा मंडलाध्यक्ष अश्वनी सरोज, वरिष्ठ भाजपा नेता जयप्रकाश माहेश्वरी, डॉ. अरविंद सिंह चौहान खेल अकादमी अध्यक्ष हमीर सिंह चंदेल, खेल विभाग सोहागपुर ब्लॉक समन्वयक चंदा मिश्रा, पार्षदद्वय अमृता चौरसिया व रवि शंकर उइके आदि उपस्थित थे।

### ये रहे श्रमसाधक

मप्र स्तर पर पहली बार लागोरी प्रतियोगिता सोहागपुर में हुई। जिसे सफल बनाने में मप्र लागोरी संघ अध्यक्ष आशीष विश्वकर्मा के नेतृत्व में पूरे समूह ने श्रमसाधक रूप में कार्य किया। समूह में विश्वकर्मा के नेतृत्व में मप्र लागोरी संघ सचिव आकाश वंशकार, उपाध्यक्ष ऋषभ गढ़वाल, कोषाध्यक्ष शिवम् कुमार दुबे, उप कोषाध्यक्ष, मोनू जाटव व अन्य सहयोगियों सहित मध्य प्रदेश लागोरी संघ तथा शहीद ए आज़म स्पोर्ट्स फाऊंडेशन के कार्यकर्ता सम्मिलित रहे। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका पवन गंगोरिया, हेमंत कुमार, दीपाली, दशरथ कुमार, अंशु छाबड़िया, विपिन यादव, देवेंद्र केवट, आन्या चावरिया, आशु खान, मनीष सराठे, अभिषेक कहार, नंदनी यादव, हर्षित आदि ने निभाई।

## अमन ओ चैन का संदेश! इटारसी सिटी थाने से निकला फ्लैग मार्च



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर में शांति व्यवस्था और सुरक्षा के प्रति नागरिकों में विश्वास बनाए रखने के उद्देश्य से गुरुवार इटारसी सिटी थाने से एक प्रभावी फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस बल की मौजूदगी और मुस्तैदी दर्शाने के लिए निकाले गए। इस फ्लैग मार्च में पुलिस के उच्च अधिकारी शामिल रहे। मुख्य रूप से एसडीओपी वीरेंद्र कुमार मिश्रा और थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला उपस्थित रहे। यह फ्लैग मार्च शहर के मुख्य मार्गों से गुजरा, जिसका उद्देश्य शहरवासियों को यह संदेश देना था कि पुलिस प्रशासन किसी भी अप्रिय घटना को रोकने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह सजग और तत्पर है। फ्लैग मार्च से क्षेत्र में शांति का माहौल सुनिश्चित करने में मदद मिलती है।

## भड़के ग्रामीणों ने तवानगर मार्ग पर किया जाम

**इटारसी।** क्षेत्र में बिजली व्यवस्था बिगड़ने से गुस्साए लगभग 40-50 ग्रामीणों ने आज दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक नयाचीचा-तवानगर मार्ग पर चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप था कि अनियमित बिजली आपूर्ति के कारण खेती-किसानी, पेयजल और घरेलू कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।पिपरिया कला और बागरातवा क्षेत्र के ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिजली कंपनी के अधिकारियों को बार-बार शिकायतें करने के बावजूद कोई समाधान नहीं निकला। प्रदर्शनकारियों ने मांग की थी कि विभाग का कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर पहुंचकर ठोस कार्रवाई की जानकारी दे, तभी चक्काजाम समाप्त होगा। विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, केसला ब्लॉक के जेई सुखलाल मस्कोले ने बताया कि ग्राम नयाचीचा में मुख्य रूप से बिजली बिल जमा न होने के कारण आपूर्ति काटी गई थी। अन्य ग्रामीणों की समस्या जल्द हल करने का आश्वासन दिया गया।

## शासकीय एमजीएम कॉलेज में संविधान दिवस का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

सेमरी हरचंद:- गोहरगंज में मासूम के साथ हुए अत्याचार को लेकर बजरंग दल नगर 21 सेमरी हरचंद के साथ समस्त सामाजिक संगठनों ने पीड़िता को न्याय दिलाने एवं दुराचारी सलमान को फांसी की सजा दिलाने की मांग को लेकर नगर के पीपल चौक पर एकत्रित होकर दुराचारी सलमान कि जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की गई और उसका पुतला फूंका । प्रदर्शन में बजरंग दल प्रांत सुरक्षा प्रमुख श्रीकांत पटेल जिला मंत्री रोहित ठाकुर जिला सहसंयोजक रूपेश रघुवंशी प्रखंड अध्यक्ष सौरभ मड़वार नगर महामंत्री देव मीना अनुज मालवी प्रशांत पटेल दीपेश पटेल सूरज चौधरी रितिक अनुज हरि ओम हर्ष गौतम पटेल एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।


## डायबिटीज के इलाज में नई क्रांतिः इंसुलिन की परेशानी से राहत, इटारसी में हुआ 'मोंजारो' इंजेक्शन का पहला प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

डायबिटीज (मधुमेह) प्रबंधन के क्षेत्र में एक बड़ा वैज्ञानिक नवाचार इटारसी पहुंच गया है। उन मरीजों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है, जिन्हें रोज-रोज इंसुलिन का इंजेक्शन लेना पड़ता है। गुरुनानक मेडिकल सेंटर, इटारसी में डॉ. ताविश अरोरा की डिस्पेंसरी में 'मोंजारो' नामक इस नए और एडवांस इंजेक्शन का पहला प्रयोग एक मरीज पर सफलतापूर्वक किया गया है।

### 'मोंजारो' क्या है और यह कैसे काम करता है?

मोंजारो, जिसका वैज्ञानिक नाम टर्जेपेटाइड है, यह एक अत्याधुनिक दवा है। यह उन लोगों के लिए एक वरदान है जो टाइप 2 डायबिटीज से जूझ रहे हैं। सबसे बड़ी सुविधा यह है कि इसे हर रोज लेने की बजाय, सप्ताह में केवल एक बार लिया जाता है। यह एक इंजेक्शन पेन की शक्ल में आता है, जिसमें एक महीने के लिए चार डोज एक साथ उपलब्ध होते हैं। यह इंजेक्शन शरीर में दो प्राकृतिक हार्मोनों (GIP और GLP-1) की नकल करता है, जो ब्लड शुगर को नियंत्रित करने और भूख को कम करने में मदद करते हैं।



डॉ. ताविश अरोरा के अनुसार, यह इंजेक्शन विशेष रूप से उन मरीजों को ध्यान में रखकर बनाया गया है जिन्हें शुगर के साथ-साथ मोटापा भी है। दो से तीन माह तक इसका नियमित उपयोग करने पर मरीज के वजन में कमी आएगी और शुगर का स्तर बेहतर ढंग से नियंत्रित हो जाएगा। इससे मरीजों को बार-बार इंसुलिन लेने की मानसिक और शारीरिक परेशानी से राहत मिलेगी।

### 'मोंजारो' की कीमत और उपलब्धता

यह अत्याधुनिक दवा थोड़ी महंगी है। एक महीने के लिए चार डोज वाला यह पेन लगभग 13,000 से 14,000 रुपये का पड़ता है, यानी प्रति डोज की लागत लगभग 3,000 से 3,500 रुपये के बीच आती है। डॉ. अरोरा ने आश्वस्त किया कि यह इंजेक्शन एडवांस रिसर्च के बाद बाजार में उतारा गया है और फिलहाल कोई मेजर साइड इफेक्ट सामने नहीं आए हैं। कुछ मरीजों में शुरूआती दिनों में भूख कम लगने, हल्की कब्ज या मतली जैसे छोटे और अस्थायी साइड इफेक्ट्स देखने को मिल सकते हैं, डॉ. अरोरा ने उन मरीजों से इसे लगवाने की अपील की है जो रोज-रोज इंसुलिन के डर या परेशानी से मुक्ति चाहते हैं।

## जैव विविधता प्रतियोगिता में बनीं दीप्ति, पलक और सुमन विजेता



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जिला स्तरीय मध्य प्रदेश जैव विविधता की क्विज प्रतियोगिता का आयोजन एसएनजी स्कूल नर्मदापुरम में वन विभाग के डिस्ट्रिक्ट फारेस्ट ऑफिसर की उपस्थिति में आयोजित हुई। प्रतियोगिता में जिले की 62 विद्यालयों के बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरानी इटारसी के छात्राओं ने, प्रभारी गीता चौधरी के नेतृत्व में जिले के प्रथम स्थान लेकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

गीता चौधरी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में पूरे देश के पर्यावरण में मौजूद जीव जंतु पेड़ पौधे जिनमें जैव विविधता पाई जाती है, जिसमें दीप्ति, पलक और सुमन विजेता बनी है। उसी से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं, इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना होता है। प्राचार्य सपना गिरधारी ने बताया कि छात्राएं गीता चौधरी के नेतृत्व में विगत 3 वर्षों से पदक प्राप्त कर रहे हैं।

## बीबीएमसी में संविधान की शपथ, 26/11 के शहीदों को दी श्रद्धांजलि और 'संविधान ट्री' का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

भगवान बिरसा मुंडा शासकीय महाविद्यालय, सुखतवा में गुरुवार, को राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड क्रॉस सोसाइटी, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन और भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. नीता राजपूत कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रहीं। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राधा आशीष पांडे ने उपस्थित सभी लोगों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। इसके तुरंत बाद, 26 नवंबर को हुए मुंबई आतंकी हमले (26/11) में शहीद हुए लोगों के प्रति मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



डॉ. सतीश ठाकरे ने संविधान की उद्देशिका का वाचन किया और विद्यार्थियों को संविधान के महत्व और आवश्यकता के बारे में विस्तार से बताया। कामधेनु पटोदिया ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. नीता राजपूत ने विद्यार्थियों को भारतीय संविधान में दिए मौलिक कर्तव्यों और मौलिक अधिकारों को जानने की आवश्यकता पर बल दिया।

भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा एक 'संविधान ट्री' का निर्माण किया, जिस पर कार्यपालिका, न्यायपालिका, विधायिका और विभिन्न अनुच्छेदों को लिखकर प्रदर्शित किया गया।

## पार्षद मिहानी की पहल से 400 बेटियों ने देखी वीरता की गाथा



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

वार्ड नंबर 30 के पार्षद और पूज्य पंचायत सिंधी समाज के अध्यक्ष धर्मदास मिहानी की प्रेरणादायी पहल के तहत, वार्ड नंबर 30 स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की लगभग 400 छात्राओं ने बड़े पर्दे पर एक विशेष फिल्म देखी।

इन छात्राओं को उनकी शिक्षिकाओं के साथ, शहर के प्रतिष्ठित गोल्ड मार्क सिनेमा के ऑडी 1 और ऑडी 2 में, प्रेरणादायक फिल्म '120 बहादुर' दिखाई गई।

पार्षद श्री मिहानी, शिक्षा और सशक्तिकरण को ध्येय मानते हैं। उनका मानना है कि बेटियों को ज्ञान के साथ-साथ, अदम्य साहस और राष्ट्रीय प्रेरणा से भरी कहानियों को भी जानना जरूरी है।

## पुनरीक्षण में पिछड़ने वाले वार्डों पर विशेष फोकस, 4 दिसंबर तक कार्य पूर्ति का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नर्मदापुरम जिले के इटारसी में गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को तय लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए प्रशासनिक कवायद तेज कर दी गई है। लक्ष्य से पीछे चल रहे वार्डों में विशेष कैंप लगाकर कार्य में कसावट लाई जा रही है, जिसे 4 दिसंबर तक पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया गया है। प्रशासनिक अधिकारी लगातार इन विशेष शिविरों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। एसडीएम नीलेश शर्मा, तहसीलदार सुनीता साहनी, और सीएमओ ऋतु मेहरा स्वयं इन कैंपों का निरीक्षण कर रहे हैं।

पुनरीक्षण कार्य में आ रही परेशानियों को देखते हुए, विशेष रूप से पिछड़े हुए वार्ड क्रमांक 25 और 26 पर अधिक जोर दिया जा रहा है। इन वार्डों के निवासियों से अपील की गई है कि वे कैंप में आएं और अपनी समस्याओं से अवगत कराएं, ताकि उन्हें हर संभव मदद दी जा सके।



गहन पुनरीक्षण के तहत अब तक एलकेजी में वार्ड 14, 15, 16, बाइबल कॉलेज के पास वार्ड 20, 21, अंबेडकर नगर चौराहा, मुस्कान संस्था के पास, न्यास कॉलोनी में वार्ड 11, 12, 13, 14 को कैंप हो चुके हैं। गुरुवार को माइकल का बगीचा, शंकर मंदिर के पास, भगतसिंह नगर, नाला मोहल्ला में विशेष शिविर आयोजित किया गया था। शुक्रवार को युगांतर छात्रावास के पास 24 25 26 वार्ड के लिए विशेष शिविर लगाया जाएगा।

प्रशासन का कहना है कि 4 दिसंबर की समय सीमा को देखते हुए सभी नागरिकों को इन शिविरों का लाभ उठाना चाहिए ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रह जाए।

### लोकसभा क्षेत्र के स्टेशनों पर बढें व्यवस्थाएंः सांसद चौधरी

# रेल परामर्शदात्री समिति में होशंगाबाद-नरसिंहपुर क्षेत्र में ट्रेन स्टॉपेज और स्टेशन आधुनिकीकरण की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

लोकसभा सांसद एवं रेल मंत्रालय परामर्शदात्री समिति के सदस्य दर्शन सिंह चौधरी नई दिल्ली स्थित संसदीय सौध के मुख्य समिति कक्ष में आयोजित रेल मंत्रालय परामर्शदात्री समिति की बैठक में शामिल हुए। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे का नेटवर्क निरंतर विस्तार कर रहा है। उन्होंने कहा कि बैठक में भारतीय रेलवे की प्राथमिकताओं की गहन समीक्षा की गई। साथ ही, अवसंरचना के आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित करने और यात्रियों व माल ढुलाई दोनों के लिए इसे एक विश्वसनीय, कुशल और सुरक्षित साधन बनाने हेतु एक रणनीतिक रोडमैप तैयार किया जा रहा है।




**होशंगाबाद-नरसिंहपुर के लिए सौंपा प्रस्तावः** बैठक के दौरान सांसद चौधरी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को अपने होशंगाबाद-नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रेलवे स्टेशनों के सर्वांगीण विकास हेतु सुझावों और आग्रहों वाला एक प्रस्ताव भी सौंपा। उन्होंने अवगत कराया कि यह क्षेत्र पश्चिम-मध्य रेलवे के महत्वपूर्ण स्टेशनों के अंतर्गत आता है और यहां यात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। यात्रियों की आवश्यकताओं और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, सांसद ने स्टेशनों पर सुविधाओं के उन्नयन का आग्रह किया। उन्होंने नरसिंहपुर, करेली, गाडरवारा, होशंगाबाद, पिपरिया, बनखेड़ी, सालीचौका, सोहागपुर, गुरमखेड़ी, बागरातवा, गुर्रा सोनतलाई, सिवनी मालवा, डोलरिया, और पवारखेड़ा स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म की ऊंचाई बढ़ाने, यात्रियों हेतु छाया शेड के निर्माण, स्वच्छ पेयजल व वाटर कूलर की व्यवस्था, पार्किंग क्षेत्र के विस्तार, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, और शौचालयों के उन्नयन एवं संख्या में वृद्धि करने की मांग रखी गई। इसके अतिरिक्त, सांसद चौधरी ने संसदीय क्षेत्र से संबंधित ट्रेनों के स्टॉपेज (ठहराव) की मांग भी प्रमुखता से उठाई।

## आगामी नेशनल लोक अदालत को लेकर हुआ बैठक का आयोजन

**पिपरिया।** नगर में न्यायालय परिसर में आगामी 13दिसंबर 2025को वर्ष की अंतिम नेशनललोक अदालत के बारे में बैठक का आयोजन किया गया। मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में 13दिसंबर को नेशनललोक अदालत आयोजित किए जाएंगे इस विषय पर एक बैठक काआयोजन किया गया। इस बैठक में राजेश कुमार अग्रवाल प्रथम जिला न्याधीश के द्वारा अधिवक्ताओं कोप्रेरित किया गया। कि वह अपने पक्षकारों को लोक अदालत के लाभ के बारेमें जानकारी दें। आपसी समझौते के आधार पर प्रकरण का निराकरण करें। न्यायाधीसके दारा बताया गया कि सिविल अपराधिक चेक बाउंस दुरटना, क्लेम साहित्य तमाम अपराध जो राजीनामा योग्य है। बिजली बिल बकाया नगर पालिकाजलकर संपत्ति कर पर नियमानुसार छूट दी जाएगी।

**कार्यालय नगर परिषद सोहागपुर जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)**

दूरभाषा - 07575-278264 E-mail-cmosohagpur@mpurban.gov.in

क्रमांक/2491/ राज. शाखा/2025 सोहागपुर, दिनांक 27/11/2025

**आपत्ति इस्तेहार सूचना**
**भवन/प्लाट नामांतरण विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 एवं म.प्र. नगर पालिका अचल संपत्ति का नामांतरण नियम 2016 के तहत निम्नानुसार नामांतरण हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अंदर कार्यालय में लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा समय अवधि उपरांत नामांतरण किया जावेगा।

| क्रं. | दाखिल नाम | खारिज नाम | आधार | वार्ड का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री सतीश छाबड़िया/नारायणदास छाबड़िया | श्री राजेश वरंदानी /शोभराज वरंदानी | रजिस्ट्री | गौतम वार्ड |
| 2. | श्री सतीश छाबड़िया /नारायणदास छाबड़िया | श्री अमित छाबड़िया /चंद्रकान्त छाबड़िया | रजिस्ट्री | गौतम वार्ड |
| 3. | श्री रवि छाबड़िया/नारायणदास छाबड़िया | श्री राजेश वरंदानी /शोभराज वरंदानी | रजिस्ट्री | गौतम वार्ड |
| 4. | श्री रवि छाबड़िया /नारायणदास छाबड़िया | श्रीमति बबिता वरंदानी /राजेश वरंदानी | रजिस्ट्री | गौतम वार्ड |
| 5. | श्री सन्नी छाबड़िया/नारायण दास छाबड़िया | श्रीमति बबिता वरंदानी /राजेश वरंदानी | रजिस्ट्री | गौतम वार्ड |
| 6. | श्री दिव्यांश छाबड़िया /मोहनदास छाबड़िया | श्री राजेश वरंदानी /शोभराज वरंदानी | रजिस्ट्री | गौतम वार्ड |
| 7. | श्री विनोद कुमार जेठवानी /कीमतमल जेठवानी | श्री प्रेमप्रकाश / चुन्नीलाल | रजिस्ट्री | राजेनद्र वार्ड |
| 8. | श्री जितेन्द्र कुमार यादव /गोविन्द सिंह यादव | श्रीमति फूलवती बाई/मदनलाल | रजिस्ट्री | रामगंज वार्ड |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद सोहागपुर**

## खबर संक्षेप



### नेशनल लोक अदालत के संबंध में हुई बैठक

**हरदा।** 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएग। इसी को लेकर जिला अधिवक्ता संघ सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक प्रधान जिला न्यायाधीश अरविंद रघुवंशी ने अधिवक्ताओं से लोक अदालत में समझौता योग्य लंबित सिविल एवं आपराधिक प्रकरणों व प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का अधिक से अधिक संख्या में निराकरण व पक्षकारों को लाभांवित कराने के लिए सहयोग मांगा। इस दौरान जयदीप सिंह, द्वारा सिविल प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, चेक अनादरण के प्रकरणों, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण और बीमा कंपनी के प्रकरणों के निराकरण के बारे में बताया। पक्षकारों को समझाइश एवं समझौते करवाये जाने के बारे में बताया । चंद्रशेखर राठौर ने बताया कि जिला न्यायालय का लोक अदालत के माध्यम से निराकृत प्रकरणों में हमेशा प्रदेश में अगृणी स्थान रहा है। जिला अधिवक्ता संघ, के अध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा के द्वारा सभी अधिवक्तागण की ओर से अधिक प्रकरणों के निराकरण में सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया।

### विद्यालयों में प्रस्तावना का सामूहिक वाचन

**हरदा।** संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार को जिले के सभी शासकीय और निजी विद्यालयों में छात्रों और शिक्षकों ने भारत के संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक रूप से वाचन किया। संविधान की प्रस्तावना नागरिकों को देश के संवैधानिक मूल्यों जैसे न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के प्रति जागरूक करने में महती भूमिका का निर्वहन करती है। सामूहिक वाचन के उपरांत, छात्रों ने संविधान के आदर्शों का पालन करने का दृढ़ संकल्प किया।


### तहसील व जनपद में ई ऑफिस की ट्रेनिंग

**हरदा।** जिले में शासकीय कार्यों को डिजिटल बनाने और ई-गवर्नेंस को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी प्रविंदर यादव ने बुधवार को हरदा के तहसील, जनपद पंचायत कार्यालय और अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में कर्मचारियों के लिए ई-ऑफिस प्रणाली से संबंधित समस्याओं के समाधान और विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए। उन्होने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को ई-ऑफिस के प्रभावी उपयोग में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों को दूर करना और उन्हें दैनिक कार्यों में इस प्रणाली का निर्बाध रूप से उपयोग करने में सक्षम बनाना है। प्रशिक्षण सत्रों के अतिरिक्त, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी यादव ने कार्यालयों में सार्थक एप के माध्यम से कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज किए जाने की प्रक्रिया की भी जानकारी ली। सुनिश्चित किया कि सभी कार्यालयों में अटेंडेंस समय पर और नियमित रूप से दर्ज की जा रही है।

### पूर्वमंत्री कमल पटेल के प्रयासों से हरदा बना प्रदेश का शत प्रतिशत सिंचित जिला

# शहीद इलाप सिंह परियोजना से 118 गांवों की 1 लाख एकड़ भूमि सिंचित होगी: उईके





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले को गुरुवार को एक बड़ी सौगात मिली। ग्राम सोनतलाई में शहीद इलाप सिंह माइक्रो उद्धव सिंचाई परियोजना के तहत खेतों में पाइपलाइन डालने का कार्य शुरू किया गया। इस परियोजना से जिले के 118 गांवों की लगभग 1 लाख एकड़ भूमि सिंचित होगी। यह सिंचाई परियोजना करीब 1 हजार करोड़ रुपए की लागत से तैयार की जा रही है। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री डीडी उइके और पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल उपस्थित रहे। इस योजना के माध्यम से किसानों को पहली बार पेयजल आपूर्ति की तरह पाइपलाइन के जरिए सीधे उनके खेतों में नर्मदा का पानी मिलेगा। अब तक इन गांवों में सिंचाई का एकमात्र साधन बोरिंग था, जिसमें लाखों रुपए खर्च होते थे और अक्सर पानी भी नहीं मिलता था। नर्मदा जल की उपलब्धता से सिंचाई का खर्च कम होगा और किसानों की आय में वृद्धि होगी। केंद्रीय राज्य मंत्री उइके ने इस योजना का श्रेय पूर्व मंत्री कमल पटेल को दिया। उन्होंने बताया कि पहले इस योजना में सिंचाई का रकबा कम शामिल था, लेकिन अब यह लगभग एक लाख हेक्टेयर में सिंचाई करेगी, जिससे जिले में समृद्धि आएगी।

### इलाप सिंह के बड़े भाई का सम्मान किया

पूर्व मंत्री कमल पटेल ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में किसानों को सिंचाई, बिजली और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलती थीं। उन्होंने बताया कि प्रदेश और देश में भाजपा सरकार होने के कारण हरदा जिला शत-प्रतिशत सिंचित होने जा रहा है, जो उनका तीस वर्षों का सपना था। इस अवसर पर वीर शहीद इलाप सिंह के बड़े भाई का सम्मान भी किया गया। पटेल ने कहा कि जब किसानों के खेतों में नर्मदा जल से सिंचाई होगी, तो हर खेत में वीर शहीद इलाप सिंह के बलिदान की खुशबू महकेगी।



### परिवर्तनकारी कदम

बुधवार को केंद्रीय राज्य मंत्री डीडी उइके और पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल ने इसका शुभारंभ किया। 993.38 करोड़ रुपए की इस परियोजना से 118 गांवों की करीब 39,976 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी। परियोजना के तहत तवा के आउट कमांड क्षेत्र की 39,976 हेक्टेयर जमीन सिंचित होगी। इसमें हरदा जिले के 118 गांव शामिल हैं। हरदा के 4 गांवों में पहले 153 हेक्टेयर की जगह अब 1,759 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। हंडिया के 68 गांवों में यह क्षेत्र 16,824 हेक्टेयर से बढ़कर 20,782 हेक्टेयर होगा। खिरकिया के 27 गांवों में 6,236 हेक्टेयर के स्थान पर 10,106 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। टिमरनी के 19 गांवों में 3,677 हेक्टेयर से बढ़कर 7,329 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिलेगी।शहीद इलापसिंह उद्वहन सिंचाई परियोजना का कार्य प्रारंभ हो गया है। किसान,जनप्रतिनिधि और आम नागरिक इसे हरदा के कृषि इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा परिवर्तनकारी कदम बता रहे हैं।

## अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष पैक्स समितियों के आधुनिकीकरण व कंप्यूटरीकरणकी जानकारी दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में बुधवार को जिला सहकारी संघ नर्मदापुरम के तत्वावधान मे सहकारिता विभाग हरदा द्वारा विकासखण्ड टिमरनी के ग्राम आलमपुर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहकारिता विभाग के सहायक आयुक्त वासुदेव भदोरिया ने सहकारी समितियों के उन्नयन के लिये केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं व पैक्स समितियों के आधुनिकीकरण हेतु चलाये जा रहे पैक्स कंप्यूटरीकरण की जानकारी दी। बैंक नोडल अधिकारी ने बैंक द्वारा दी जा रही योजनाओं शून्य प्रतिशत ब्याज एवं किसानों को दिए जा रहे किसान क्रेडिट कार्ड के बारे में बताया।

संगोष्ठी में कृषि विभाग के उपसंचालक जे.एल.कासदे ने प्राकृतिक कृषि एवं जैविक कृषि के सभी पहलुओं की आवश्यक जानकारी देते हुए किसानों को अधिक से अधिक रकबे में जैविक कृषि करने हेतु प्रेरित किया। जैविक कृषि के आदान एवं मार्केटिंग के पहलुओं पर भी परिचर्चा की। इफको के जिला प्रबंधक द्वारा नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया के उपयोग पर बल देते हुए सहकारिता से अधिक से अधिक जुड़ने एवं लाभ लेने के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उप अंकेक्षक सुधीर मोने ने वर्तमान में चल रहे पैक्स कंप्यूटरीकरण एवं सहकारिता में चल रहे नवाचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

संगोष्ठी में सीएससी सेंटर के जिला प्रबंधक विशाल चौहान के द्वारा सीएससी से होने वाले फायदे एवं किए जाने वाले कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। संगोष्ठी के अंत में रूपेश चौधरी ने कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन किया। संगोष्ठी का संचालन प्रशासक जिला सहकारी संघ कमल गरेवाल ने किया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के उप संचालक श्री कास्दे, एसएडीओ, जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी, जिला सहकारी बैंक रहटगांव के शाखा प्रबंधक, गांव के समिति के सदस्य, किसान एवं सभी समितियो के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### संविधान दिवस मनाया

## विद्यार्थियों ने भाषण व प्रश्नमंच से संविधान पर विचार रखे



**रहटगांव।** शासकीय एल एन पी बालक उमा विद्यालय रहटगांव में संविधान दिवस मनाया गया। जिसमें हमारे राष्ट्रीय ग्रंथ संविधान के निर्माण से लेकर उपयोगिता, महत्व एवं विशेषताओं पर प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों के भाषण एवं विचार रखे गए एवं एक प्रश्नमंच कराया गया। विद्यार्थियों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। प्रश्नमंच में विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। आज का कार्यक्रम बहुत सफल रहा। विद्यार्थी लाभान्वित हुए एवं प्रसन्न रहे। जिस दौरान शिक्षक शंकर सेजेकर, धुर्व गौर, उमेश वेश, प्रदीप शर्मा,श्रवण जोशी,प्रदीपमालवीय,चन्द्रकान्ततिवारी, कविता जगनवार, उर्मिला चौहान, समीक्षा गौर ,सन्तोष गौर , श्रीराम कुशवाह, सुरेन्द ककोडया एवं समस्त स्टाफ मौजूद था।

### राष्ट्रीय संविधान दिवस पर किया कार्यक्रम का आयोजन

## मौलिक अधिकार व कर्तव्यों की जानकारी होना चाहिए: कलेक्टर

**हरदा।** राष्ट्रीय संविधान दिवस के अवसर पर सिनर्जी संस्थान द्वारा स्थानीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में अधिकार से पहचान-कर्तव्य से सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में युवाओं को मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी दी गई। साथ ही सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर सिद्धार्थ जैन थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर जैन ने कहा कि हमारे संविधान में नागरिकों के मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य शामिल किये गये हैं, जिनकी हम सबको जानकारी होना चाहिए और हमें इनका पालन भी करना चाहिए। इस तरह के आयोजनों के माध्यम से हम संविधान के सिद्धांतों पर चर्चा करें और इसमें प्राप्त अधिकारों और कर्तव्यों को समझें। उन्होने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से जिले में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित



योजनाओं की जानकारी देकर विद्यार्थियों को जागरूक किया जा रहा है। विद्यार्थी जनकल्याणकारी योजनाओं के जानकार रहें। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा संचालित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण का प्रभावी प्लेटफार्म है। इसमें दर्ज शिकायत एवं समस्याओं का जिला प्रशासन द्वारा गंभीरता से अध्ययन किया जाता है एवं नियमानुसार उनका निराकरण किया जाता है। कार्यक्रम में खेल विभाग, ई-गवर्नेंस, स्कूल शिक्षा, ग्रामीण आजीविका मिशन, महिला एवं बाल विकास, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग, ग्रामीण विकास विभाग, कौशल विकास एवं रोजगार, जनजातीय कार्य विभाग, कृषि विभाग, पुलिस विभाग, वन विभाग, एसबीआई आरसेटी, तहसील, जनपद, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग, उच्च शिक्षा व जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने विभागों में संचालित योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों को प्रदर्शित करने वाले स्टाल भी लगाये गये। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां भी दी गई। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। कलेक्ट्रेट में बुधवार को संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर सिध्दार्थ जैन ने कलेक्ट्रेट परिसर में उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों के साथ भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। इस दौरान अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

### राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत दिया प्रशिक्षण

## अस्पताल में तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान बनेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच. पी. सिंह ने बताया कि भारत सरकार की तम्बाकू व्यसन मुक्त केन्द्र की मार्गदर्शिका अनुसार तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान बनाने अस्पताल में ओपीडी के निकट स्थान चिन्हित कर, तम्बाकू व्यसन मुक्त केन्द्र की स्थापना की जाना है। इन केन्द्रों पर दन्त चिकित्सकों एवं परामर्श दाताओं की डयूटी चार्ट अनुसार सेवाएं प्रदाय की जानी है।

इस हेतु राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त चिकित्सा अधिकारियों एवं दन्त चिकित्सा अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का




आयोजन मंगलवार को किया गया। प्रशिक्षण में प्रभारी तम्बाकू नियंत्रण अधिकारी हरदा डॉ. आयुषी गुप्ता ने उपस्थित चिकित्सा अधिकारियो को जिले मे तम्बाकू सेवन से होने वाली बीमारियों की वर्तमान स्थिति, तम्बाकू से संबंधित बीमारियों की पहचान, दवाईयों एवं उपचार विकल्प की जानकारी, रोकथाम एवं प्रभावी सेवाएं प्रदान करने हेतु प्रशिक्षित किया। इस अवसर पर डॉ. मोनू चौरे ने सभी चिकित्सा अधिकारियों एवं दन्त चिकित्सा अधिकारियों को जिले को तम्बाकू मुक्त बनाने की शपथ भी दिलाई।

## अब झिरन्या और कोठड़ा में नहीं लगेंगे बैल-बाजार

### ग्राम पंचायत की मुनादी से थी अनिश्चितता

**झिरन्या।** ग्राम पंचायत द्वारा रात्रि में बैल-बाजार शुरू करने और फिर इसे वापस लेने की कराई गई मुनादी के बाद कवायदों का दौर थम गया है। फलस्वरूप बुधवार को बैल-बाजार नहीं लगा और अनिश्चितता पर पूर्ण विराम लग गया है। इन घटनाक्रमों का दिलचस्प पहलू यह है कि इस मामले में भाजपा नेताओं के दो गुट निरंतर आपस में जोर-आजमाइश कर रहे थे। विदित ही है कि अम्बाडोचर-गोवंश वध की घटना और प्रशासनिक निर्देशों के बाद ग्राम पंचायत झिरन्या और कोठड़ा ने प्रस्ताव पारित कर बैल बाजार बंद कर दिए थे। इस दौरान भी भाजपा के दो गुट आमने-सामने आ गए थे और एक गुट के साथ हिन्दू संगठन सक्रिय था। जिससे उक्त बाजार बंद करना पड़ा था। जनपद पंचायत की अध्यक्ष संगीता नार्वे और अन्य जनप्रतिनिधि बाजार बंद की सार्वजनिक रूप से मंचों से प्रशंसा कर रहे थे। इन घटनाक्रमों के बाद बैल बाजार को पुनः शुरू करने के लिए लम्बे समय से प्रयास जारी थे,लेकिन इसे सफलता नहीं मिल रही थी। यह मामला उस समय सुर्ख़ियों में आ गया,जब ग्राम पंचायत ने 18 नवम्बर को विशेष ग्रामसभा में इसके पक्ष में प्रस्ताव पारित किया। फलस्वरूप ग्राम पंचायत ने 24 नवम्बर को रात्रि में पुनः बाजार शुरू करने और 25 नवंबर को सुबह बंद रखने की मुनादी कराई थी। सरपंच प्रतिनिधि लखन मंडलोई ने बताया कि मुनादी के पूर्व ग्राम पंचायत की ओर से प्रशासन को जानकारी दे दी गई थी।

### विरोध के बाद लगा विराम

इस मामले को लेकर 21 नवम्बर को भाजपा और हिन्दू संगठनों के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर भव्या मित्तल और जिला पंचायत के सीइओ आकाशसिंह से मुलाक़ात की थी। उन्होंने विशेष ग्रामसभा के आयोजन और कोरम के अभाव में पारित प्रस्ताव को अवैधानिक और अलोकतांत्रिक करार देते हुए उसे निरस्त करने का अनुरोध किया था। यह जानकारी,आरएसएस के खंड संपर्क प्रमुख अक्षय जायसवाल ने दी है और कहा की बैल बाजार शुरू नहीं होने देंगे।

## 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वृद्धजनों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाए: कलेक्टर

### जिला चिकित्सालय व छात्रावासों का निरीक्षण किया



**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने गुरूवार को जिला चिकित्सालय, आयूष विंग व हरदा शहर में संचालित शासकीय कन्या पोस्टमैट्रिक पिछड़ा वर्ग छात्रावास, शासकीय भीमराव अम्बेडकर उत्कृष्ट छात्रावास तथा पोस्ट मैट्रिक बालक अनुसूचित जाति छात्रावास का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाएं देखीं। जिला चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने रिसेप्शन, सुमन हेल्पडेस्क, आईसीयू, एसएनसीयू, ओपीडी, आईओटी, आयुष्मान कक्ष, लेबर रूम, टीकाकरण कक्ष, सोनोग्राफी सेंटर, डायलिसिस सेंटर व सर्जिकल वार्ड सहित विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया। उन्होने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि सार्थक एप की उपस्थिति के आधार पर ही अधिकारी कर्मचारियों का वेतन आहारित किया जाए। ओपीडी में आने वाले 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वृद्धजनों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि एसएनसीयू से डिस्चार्ज सभी बच्चों का शतप्रतिशत फालोअप लिया जाए। उन्होने चिकित्सा अधिकारियों को अस्पताल में उपलब्ध जनरेटिक दवाईयां लिखने की सलाह दी। कलेक्टर ने एसएनसीयू में फोटो थेरेपी मशीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होने निरीक्षण के दौरान समय-समय पर विद्युत ऑडिट कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये। मातृत्व सुरक्षा अभियान के तहत प्रतिमाह 9 व 25 तारीख को आयोजित होने वाले शिविरों का रिकार्ड संधारित कर पोर्टल पर जानकारी अपलोड करें।जिला चिकित्सालय में आवश्यक मरम्मत कार्य कराने के भी निर्देश दिये। उन्होने सर्जिकल वार्ड व अन्य वार्डों की खिड़कियों में जाली लगवाने के निर्देश भी दिये। आयुष विंग कक्षों में साफ-सफाई व्यवस्था रखने मरम्मत कार्य हेतु प्राकलन तैयार करने के निर्देश दिये।

### ग्रामीणों के चेहरे प्रसन्नता से खिल उठे, जयकारे गूंज

## मां नर्मदा की जल धाराएं पहुंची झिरन्या में, पूजा अर्चना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

सीमावर्ती भीकनगांव-झिरन्या के उत्तर-पूर्वी छोर पर बसे गांवों में बहुप्रतिक्षित मां नर्मदा-जल बुधवार को पहुँच गया। इस दौरान ग्रामीणों के चेहरे प्रसन्नता से खिल उठे और सभी गांवों में मां नर्मदा की जय-जयकारे गूंज रहे थे। वहीँ,खुशियों से सरोबार ग्रामीण जन नारियल फोड़कर पूजा अर्चना कर अपनी धार्मिक-आस्थाओं को प्रकट कर रहे थे। दरअसल, इस अंचल की अति-महत्वाकांक्षी बिंजलवाड़ा सिंचाई परियोजना के पांचवें पम्प हाउस (ग्राम बडिया) से मंगलवार को दोपहर दो बजे नर्मदा-जल छोड़ा गया था।

यह जानकारी,जीवीपीआर इंजीनियरिंग के महाप्रबंधक रघु कारमीला ने दी है। वहां से मां नर्मदा की कल-कल करती हुई निर्मल-जलधाराएं, भीकनगांव-झिरन्या के उत्तर-पूर्वी छोर पर बसे गांवों में पहुंच रही थी। इनमें ग्राम बडिया,ठोकनबेड़ा, शिवना,



पलासी, पोखर, टेमला, काल्याखेड़ी, मोहनखेड़ी सहित आसपास के गांवों की करीब 5000 हेक्टर कृषि-भूमि सिंचित होगी। सहायक प्रबंधक प्रवीण कुमार पटेल ने बताया कि मुख्य पाइप लाइन के अलावा नदी नालों और तालाबों में भी पानी छोड़ा जा रहा है। जब भीकनगांव-झिरन्या मार्ग की केवटी नदी में नर्मदा जल पहुंचा तो किनारों पर बसे गांवों में भी ख़ुशी की लहर दौड़ गई। कई गांवों में महिलायें और बालिकाएं भी जल-प्रवाह स्थलों पर पहुंची थी और मां नर्मदा-जल के दर्शन कर स्वयं का सौभाग्य समझ रही थी। जबकि कई ग्रामीण और बालक-बालिकाएं नर्मदा स्नान कर रहे थे। वहीँ,तालाबों और पोखरों में पशु भी नहाने का आनंद ले रहे थे।



*परियोजना के पांचवें पंप से नर्मदा जल कई गांवों में पहुंच रहा है। इसका अपव्यय रोककर अधिकाधिक उपयोग फसलों की सिंचाई में करना चाहिए। कलेक्टर की पहल से कार्य तेजी से हो रहा है। लेकिन कई स्थानों पर किसानों के सहयोग नहीं करने से परेशानियां हो रही है।*

*प्रतापसिंह अगास्या, डिप्टी कलेक्टर खरगोन*